## ढोलकल की पहाड़ियों तले बोनफायर, दिखा कसौली सा दृश्य

दंतेवाड़ा,(आरएनएस)। स्वाधीनता दिवस की रात ढोलकल की पहाड़ियों तले मिनी कसौली उतर आया। कसौली और मनाली की तरह ही यहाँ कैंपों के चारो ओर बोनफायर किया गया। देर शाम से जश्न शुरू हुआ। दिल्ली के लोगों ने मीर और गालिब की शायरी की और फरसपाल के ग्रामीणों ने हल्बी-गोंडी गीतों से समां बांधा। ढोलकल ट्रैक और फूलपाड़ के लिए ट्रैकिंग हेतु 40 टूरिस्ट आए। इस आयोजन में पहली बार पर्वतारोहण विशेषज्ञ ने पर्यटकों को ढोलकल की ट्रैकिंग कराई और जरूरी टिप्स दिए। नैना धाकड़ छत्तीसगढ़ की पहली महिला पर्वतारोही हैं। टूरिस्टों की टीम जब पहुँची तो उनका स्वागत फरसपाल में टूरिज्म के लिए प्रशिक्षित 25 युवकों ने पारंपरिक गोंडी तरीके से किया। ढोलकल और फरसपाल से उतरने के बाद कैंप में थोड़ा समय गुजारने के बाद सभी लोग बोनफायर के लिए आए। दिल्ली से आई पर्वतारोही निधि ने बताया कि मैं मसूरी भी गई हूँ और मनाली भी, लेकिन बस्तर में एक बात खास है यहाँ के लोगों में स्थानीयता बहुत नजर आती है। उनके गीतों को हमने सुना। सबसे पहले हमें आया मोचो दंतेसरी सुना। फिर स्थानीय विवाह गीतों को सुना। फिर हमें इसका मतलब भी बताया या। गोंडी संस्कृति अपने आप में बहुत समृद्ध हैं। फिर हम दिल्ली वालों ने भी शायरी की महफिल सजाई। मीर की शायरी ने पूरा माहौल इतना खुशनुमा कर दिया कि मुझे गुलजार का वो गीत याद आ गया। निमी निमी ठंड और आग में, हौले हौले मारवा के राग में, मीर की बात हो। इसके बाद बस्तरिया भोजन का आनंद लिया गया। चापड़ा चटनी सबसे विशिष्ट लगा। कोलकाता से आए आईटी इंजीनियर सोमनाथ ने बताया कि हमारा बंगाली खाना बहुत समृद्ध है और हम लोग नये टेस्ट के लिए काफी रुचि रखते हैं। अगर चापड़ा वहाँ भी मिलता तो निश्चित रूप से यह फूड भी मछली भात जैसा ही बंगाल में लोकप्रिय होता। पुणे से आए आईटी इंजीनियर अनुराग ने बताया कि पुणे के पास शिवाजी ने कई किले बनाए हुए हैं लेकिन बोनफायर और कैंप की वैसी सुविधा वहाँ उपलब्ध नहीं है। यह बहुत अच्छी बात है कि ढोलकल में इस तरह का आयोजन किया गया। यह जगह पर्यटन नक्शे में तेजी से उभरेगी क्योंकि यहाँ अब भी प्रकृति अपने मूल रूप में है हमारे मेजबानों ने हमें बताया कि वे स्वतः स्फूर्त ढोलकल ट्रैक की सफाई भी करते हैं। ढोलकल ट्रैक के लिए देश भर के युवाओं को प्रेरित करने का कार्य अनएक्सप्लोर्ड बस्तर के जीत सिंह ने किया। जीत सिंह ने बताया कि ढोलकल और फूलपाड़ में टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय युवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। ट्रैवल ब्लागर्स ने फैलाई ख्याति - बारसूर महोत्सव के समय देश भर से जाने-माने ट्रैवल ब्लागर दंतेवाड़ा पहुँचे थे। उन्होंने अपने अनुभव अपने पाठकों से साझा किए। इसके बाद ढोलकल के प्रति पर्यटकों की रुचि तेजी से बढ़ी है। अब कैंप और बोनफायर जैसी सुविधाएँ आरंभ होने से टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छी संभावना ढोलकल के लिए पैदा होंगी।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व रात चोरों का बैंक में धावा, 6 लाख उड़ाए

बिलासपुर,(आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस के पहले रात को चोरों ने बैंक की खिड़की को गैस कटर से काटकर अंदर घुसे और बैंक की तिजौरी को गैस कटर से काटकर 6 लाख तीस हजार नगदी रकम ले उड़े। सुबह बैंक के चपरासी ने घटना की जानकारी अपने अधिकारियों को दी। बैंक मैनेजर ने मामले की रिपोर्ट रतनपुर पुलिस को दी। रतनपुर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है। बीते 14-15 अगस्त की रात बेलतरा स्थित ग्रामीण बैंक को निशाना बनाते हुये चोरों ने बैंक के खिड़की को गैस कटर से काटकर अंदर घुसे। बैंक के अंदर घुसे चोरों ने बैंक के तिजोरी को गैस कटर से काटा और तिजोरी के अंदर ब्रीफकेश में रखे 6 लाख तीस हजार 6 सौ अठहत्तर रुपये ले भागे। सुबह बैंक का चौकीदार देवकुमार यादव झंडारोहण की तैयारियों के लिये आया तो खिड़की को टूटे देख उसे शंका हुई। बैंक के अंदर जाकर देखने पर उसे बैंक में हुई चोरी का पता चला। चौकीदार ने आनन-फानन में अपने अधिकारियों को पूरा मामला बताया। बैंक के मैनेजर एस के शर्मा पिता बीडी शर्मा ने घटना की रिपोर्ट रतनपुर थाने में दर्ज कराई है। रतनपुर पुलिस ने बैंक में हुई चोरी की जानकारी जिले के आला पुलिस अधिकारियों को दी है। पुलिस के आला अधिकारियों के साथ फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने भी मौके पर जांच की है। पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर रतनपुर पुलिस जांच में जुटी है। इस हेतु टेक्नीकल टीम का सहयोग भी लिया जा रहा है। बैंक में हुई चोरी के मामले को सुलझाने एस पी के निर्देश पर काम लिया जा रहा है। क्राईम ब्रांच स्थानीय पुलिस के साथ मुखबिरों से जानकारियां ली जा रही है। टेक्नीकल टीम का भी सहयोग लिया जा रहा है। बैंक में लाखों रुपये के रोज लेन-देन के बावजूद सुरक्षा में लापरवाही बरती गई। बैंक में रात के समय चौकीदार की व्यवस्था नहीं की गई थी वहीं सीसी कैमरे भी नहीं लगाये गये थे। बाहरी गिरोह की आशंका पर रतनपुर पुलिस पाली कटघोरा कोरबा में लॉज होटलों में जांच कर रही है। पुलिस बाहर से आकर ठहरने वालों का लिस्ट बना रही है।

**स्थानीय व बाहरी गिरोह की आशंका**

मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि आसपास के किसी व्यक्ति को साथ में लेकर बाहर के किसी गिरोह ने बैंक में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

**फोर-व्हीलर से आये चोर**

प्राथमिक जांच के बाद पुलिस अंदेशा जता रही है कि चोर घटना को अंजाम देने फोर व्हीलर से आये रहे होंगे जिसकी आड़ लेकर घटना को अंजाम दिया।


# CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.


## बखरूपारा हाईस्कूल में संस्कृत सप्ताह संपन्न

नारायणपुर,(आरएनएस)। जिला मुख्यालय नारायणपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखरूपारा में बीते दिन संस्कृत सप्ताह संपन्न हुई। इस दौरान अध्यापकों ने संस्कृत की महत्ता के बारे में अवगत कराते हुए संस्कृत की शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने भी संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगितामें उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्कृत षिक्षक पीआर चनाप ने संस्कृत की महत्ता पर उद्बोधन देते हुए संस्कृत विषय की छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए आगे आने की समझाईश दी। इस दौरान संस्कृत से प्रभावित है भारतीय संस्कृति, सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत, संस्कृत पढ़ने के लाभ, संस्कृत और संस्कार तथा संस्कृत भाषा नैतिक मूल्यों की भाषा है इत्यादि विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं संस्कृत भाषा के वेद, उपनिषाद आदि विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा संस्कृत श्लोक का वाचन भी किया गया। इस मौके पर संस्कृत विषय के सेवानिवृत्त षिक्षक जीपी तिवारी ने संस्कृत भाषा की महत्ता और प्रासंगिकता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। संस्कृत सप्ताह के अंतिम दिवस 10 अगस्त को लोगों में संस्कृत के प्रति जागरूकता लाने हेतु छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रैली निकाली। वहीं अन्त में संस्था के प्राचार्य एसपी रामटेके ने संस्कृत विषय की पढ़ाई के लिए छात्र-छात्राओं को आगे आने की समझाईश देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा को बचाये रखने के लिए यह जरूरी है कि संस्कृत की पढ़ाई की ओर हमें उन्मुख होना पड़ेगा। इसके साथ ही संस्कृत भाषा की षिक्षा के लिए अन्य लोगों को प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने हजारों वर्ष पूर्व से संस्कृत की प्रासंगिकता को निरूपित करते हुए कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति का द्योतक है। यह भाषा ही नहीं अपितु हमारे देश के महान सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक भी है। इसके माध्यम से देश-विदेश में हमारी संस्कृति सतत् प्रवाहित हो रही है। इस दौरान संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के संस्कृत विषय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए युवाओं से 25 तक आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर,(आरएनएस)। अंत्यावसायी प्रषिक्षण केन्द्र नारायणपुर के द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को टू-व्हीलर रिपेयरिंग, सहायक राजमिस्त्री, वेल्डर तथा चैपहिया वाहन चालक रोजगारपरक ट्रेडों में कौषल उन्नयन प्रषिक्षण हेतु 5वीं, 8वीं तथा 10वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से आवेदन पत्र आगामी 25 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। उक्त प्रषिक्षण कौशल उन्नयन प्रषिक्षण छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रषिक्षण परिषद् से मान्यताप्राप्त है। जिसके तहत वेल्डर, चैपहिया वाहन चालक, टू-व्हीलर रिपेयरिंग तथा सहायक राजमिस्त्री ट्रेड में बीस-बीस स्थान उपलब्ध है। इस प्रषिक्षण हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के तहत वेल्डर ट्रेड के लिए 10 वीं उत्तीर्ण, चैपहिया वाहन चालक एवं टू-व्हीलर रिपेयरिंग के लिए 8वीं उत्तीर्ण तथा सहायक राजमिस्त्री ट्रेड के लिए 5वीं उत्तीर्ण होना आवष्यक है। उक्त सभी ट्रेड में प्रषिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की आयु 14 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, प्रषिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को हर माह एक हजार रूपये शिष्यवृत्ति दी जायेगी। जिले के दूरस्थ ईलाके से आने वाले पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के रहने हेतु प्रशिक्षण संस्था में छात्रावास सुविधा उपलब्ध है। उक्त प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवक-युवतियां आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार के छायाचित्र के साथ आवेदन 25 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात 26 एवं 30 अगस्त को काऊंसलिंग के जरिये प्रशिक्षण हेतु युवक-युवितयों का चयन किया जायेगा। इस प्रषिक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु प्रबंधक अंत्यावसायी प्रषिक्षण केन्द्र बंगलापारा नारायणपुर के दूरभाष नंबर 07781-252426 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिला स्तरीय उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

रायपुर,(आरएनएस)। खेती-किसानी, उद्यानिकी, पशुपालन और मछली पालन के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले रायपुर जिले के किसानों को जिला स्तरीय उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार देने आगामी 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार एक्सटेंशन रिफार्म (आत्मा) योजना के तहत दिए जाएंगे। आवेदन पत्र कृषि, पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी विभाग के जिला स्तर पर संचालित उप संचालक कार्यालयों और विकासखंड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 31 अगस्त 2017 तक उप संचालक कार्यालयों और कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों में कार्यालयीन अवधि में जमा किए जा सकते हैं।

## नसबंदी नियंत्रण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले बीएमओ हटाए गए

रायपुर,(आरएनएस)। बिलासपुर के मस्तुरी में नसबंदी ऑपरेशन में लापरवाही बरतने वाले बीएमओ को हटा दिया गया है तथा उनके स्थान पर नए बीएमओ की नियुक्त की गई है। वहीं इस मामलें में तीन स्वास्थ्य कर्मियों को भी निलंबित किया गया हैं। जांच कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपी गई है।


न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़,पत्थलगांव लुड़ेग,कांसाबेल,कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




आवश्यकता है
शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।


Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931